तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

10 जर्जर एनएच-130डी के विरोध में कांग्रेस ने ...



11 सामाजिक सौहार्द व श्रमिक हितों के प्रति प्रतिबद्धता ...






## खबर संक्षेप



### मां शाकंभरी शोभायात्रा का प्रवीर वार्ड में किया स्वागत

**जगदलपुर।** प्रवीर वार्ड के पार्षद जाहिद हुसैन व वार्डवासियों ने शाकंभरी माता की शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान वार्डवासियों के द्वारा भक्तजनों के लिए शीतल पेय व मिष्ठान की व्यवस्था की गई थी जिसका वितरण किया गया।

### पांच गुना मंडी शुल्क 63000 की वसूली



**जगदलपुर।** कृषि उपज मंडी जगदलपुर की टीम ने अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर 302 क्विंटल मक्का जब्त किया है। मंडी अधिनियम के तहत पांच गुना मंडी शुल्क वसूल कर कार्यवाहीं किया गया । पांच गुना मंडी शुल्क 63000 रुपए वसूला गया। यह जानकारी मंडी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार दिल्लीवार ने दी है।

### निराश्रितों को मिला कम्बल ली नशा छोड़ने की शपथ



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना का शाऊमा विद्यालय छिंदबहार में सात दिवसीय शिविर का उदघाटन पश्चात स्वयं सेवकों ने सर्वे किया। दल नायक रोहित कश्यप, नायिका खुशबू कश्यप, मुकेश कश्यप ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि गांव में कुछ ऐसे वृद्ध हैं जिन्हें सहयोग की आवश्यकता है। साथ ही प्रस्ताव रखा की इन्हें गर्म कपड़ा दिया जाए। सरपंच प्रतिनिधि पाकलु करटामी से चर्चा में कम्बल देने का सोचा गया। सरपंच सुकरी पाकलु करटामी और कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के द्वारा वितरण किया गया। शिविर थीम नशा मुक्त भारत पर 5 स्वयं सेवकों ने छोड़ने की घोषणा कर दूसरों को नशामुक्त करने की शपथ दिलाया। मनोहर सिंह बरनाला का सहयोग रहा।

### महारानी वार्ड में बीएलओ ने बांटे नोटिस



**जगदलपुर।** शहर के महारानी वार्ड के बूथ क्रमांक 142 के बीएलओ नीलबिहारी ठाकुर और सहायक बाजारूराम ने वार्ड के मतदाताओं को नोटिस थमाया। इस दौरान सहयोग के लिए भाजपा नेता आशुतोष पाल मौजूद थे। बताया गया कि जिन मतदाता के नाम 2003 के मतदाता सूची में नहीं है उन्हें नोटिस दी गई है। वे निर्धारित दस्तावेज जमाकर अपना नाम दर्ज करा सकते है। यह पहल फर्जी मतदाताओं को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने की है। बताया गया कि लोकसेवक को गलत सूचना देना भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के तहत एक संज्ञेय अपराध है। जिसके लिए कारावास की सजा है। इसलिए सही सही जानकारी प्रदान करना जागरूक मतदाता और नागरिक होने का सबूत है।

# मां शाकंभरी जयंती पर मरार पटेल समाज ने सब्जियों का रथ सजाया, किया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

पुष्य पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर में मरार पटेल समाज द्वारा मां शाकंभरी की जयंती श्रद्धा,परंपरा और सामाजिक एकता के रूप में मनाई गई। शनिवार दोपहर नगर की सड़कों पर निकली शोभायात्रा ने जन-आस्था का विराट स्वरूप प्रस्तुत किया, जिसमें समाज के 22 गांवों से पहुंचे ग्रामीणों की सहभागिता ने आयोजन को भव्य बना दिया। माता शाकंभरी की सुसज्जित झांकी के साथ आरंभ हुई यात्रा में भक्ति-गीतों, पारंपरिक वाद्यों और जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा।

## मरार पटेल समाज ने मां शाकंभरी जयंती धूमधाम से मनाई





### राजनीतिक दलों ने भी सहभागिता निभाई

शोभायात्रा के स्वागत में नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ-साथ कांग्रेस,भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों ने भी सहभागिता निभाई। चित्रकोट मार्ग से आरंभ होकर यात्रा कांग्रेस भवन, संजय बाजार, दंतेश्वरी मंदिर, सिरहासार और समुंद्र चौक प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर माता का अभिनंदन किया। पनारापारा स्थित इंद्रावती तट पर मां शाकंभरी मंदिर में विधिवत विसर्जन के साथ आयोजन का समापन हुआ।

लक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की विशेष पहचान सब्जियों से सजे माता शाकंभरी के रथ ने बनाई, जिसने समाज के कृषक संस्कार और प्रकृति-पूजन की परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। अंतिम चरण में आयोजित पूजा-अर्चना के उपरांत शोभायात्रा को विधिवत प्रारंभ कराया गया, जिसमें बस्तर राजपरिवार की सहभागिता ने कार्यक्रम की गरिमा को और ऊंचा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव उपस्थित रहे।

## स्थापना से गिद्धों की घटती आबादी को बचाना और बढ़ाने का प्रयास

# इंद्रावती टायगर रिजर्व में गिद्धों के संरक्षण के लिए वुल्चर सेफ जोन की स्थापना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व ने गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में देशभर के लिए एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। गिद्ध पर्यावरण के सफाईकर्मी हैं और इनके बिना बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। छत्तीसगढ़ के इंद्रावती टाइगर रिजर्व ने गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में देशभर के लिए एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है।

■ गिद्धों से पर्यावरण संतुलन बनता है और बीमारियों होती है नियंत्रित

मध्य भारत के सबसे स्वच्छ नदी-वन पारिस्थितिकी तंत्रों में शामिल यह रिजर्व अब केवल बाघों और जंगली भैंसों का ही नहीं, बल्कि विलुप्तप्राय गिद्धों के संरक्षण का भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। गिद्ध पर्यावरण के सफाई कर्मी हैं और इनके बिना बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार के नेतृत्व और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री के निर्देशानुसार इंद्रावती के टाइगर रिजर्व क्षेत्र में गिद्धों सुरक्षित क्षेत्रों का निर्माण कर इनकी घटती आबादी को बचाना और बढ़ाना है, क्योंकि गिद्ध पर्यावरण के सफाईकर्मी हैं और इनके बिना बीमारियों का खतरा बढ़ सक है। गिद्धों के अस्तित्व पर जहरीली दवाओं से गिद्धों सुरक्षित क्षेत्रों का निर्माण कर इनकी घटती आबादी को बचाना और बढ़ाना है, क्योंकि गिद्ध पर्यावरण के सफाईकर्मी हैं और इनके बिना बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। गिद्धों के अस्तित्व पर जहरीली दवाओं, असुरक्षित शव निपटान और मानव हस्तक्षेप जैसे गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए इंद्रावती टाइगर रिजर्व में उपग्रह (सैटेलाइट) टेलीमेट्री आधारित निगरानी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।



### गिद्ध लगभग 10,000 वर्ग किमी क्षेत्र में रहते हैं सक्रिय

*छत्तीसगढ़ में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है, जिसमें उच्च-रिजॉल्यूशन गिद्ध गतिविधि डेटा का उपयोग संरक्षण कार्यों की दिशा तय करने के लिए किया जा रहा है। अब तक के आंकड़ों से पता चला है कि गिद्ध लगभग 10,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं और घने जंगलों व मानव बस्तियों के बीच लगातार आवाजाही करते हैं।*

### वन्यजीव प्रबंधन को मिली नई वैज्ञानिक दिशा

*विदित हो कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। राज्य में पहली बार दो गिद्धों की सैटेलाइट ट्रैकिंग के माध्यम से 18 हजार से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले डेटा पॉइंट्स प्राप्त किए गए हैं, जिससे वन्यजीव प्रबंधन को नई वैज्ञानिक दिशा मिली है। इस सफलता में क्षेत्रीय जीवविज्ञानी सूरज कुमार के नेतृत्व में गिद्ध मित्र दल (गिद्ध संरक्षण स्वयंसेवक दल) की अहम भूमिका रही है। यह दल घोंसलों की निगरानी, शवों के सुरक्षित प्रबंधन और स्थानीय समुदायों को संरक्ष से जोड़ने का कार्य कर रहा है।*

### गिद्ध सुरक्षित क्षेत्र की स्थापना

भविष्य की रणनीति के तहत कार्यक्रम के तीसरे चरण का नेतृत्व भी उप-निदेशक संदीप बलागा करेंगे। इस चरण में तीन अतिरिक्त गिद्धों की सैटेलाइट टैगिंग, 50 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, पंचायतों की भागीदारी से 100 किलोमीटर क्षेत्र में गिद्ध सुरक्षित क्षेत्र की स्थापना तथा छत्तीसगढ़ की पहली गिद्ध पुनर्वास कार्ययोजना के प्रकाशन का लक्ष्य रखा गया है। तकनीक, पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक सहभागिता को एक सूत्र में पिरोते हुए इंद्रावती टाइगर रिजर्व यह संदेश दे रहा है कि दूरदर्शी नेतृत्व में जंगल और लोग साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं।

### वुल्चर रेस्टोरेंट की स्थापना

संरक्षण प्रयासों के तहत इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के निदेशक संदीप बलागा के पर्यवेक्षण में वुल्चर रेस्टोरेंट की स्थापना भी की गई है। यह नियंत्रित भोजन स्थल हैं, जहां केवल पशु चिकित्सा परीक्षण के बाद एनएसएआईडी-मुक्त शव ही रखे जाते हैं। इससे गिद्धों को सुरक्षित भोजन मिल रहा है। साथ ही ये केंद्र सामुदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में भी कार्य कर रहे हैं, जहां स्कूलों और स्थानीय युवाओं को पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्धों के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## 60 साल में अरबों का मालभाड़ा दिया पर यात्री रेल विस्तार कम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर के लौह अयस्क से बीते छह दशकों में रेलवे को अरबों रुपये का परिवहन भाड़ा मिला, लेकिन बदले में बस्तर को आज तक यात्री रेल सुविधाओं का वह हक नहीं मिला, जिसकी मांग यहां पिछले पांच दशकों से की जा रही है। बैलाडीला क्षेत्र से लौह अयस्क परिवहन, केके लाइन का दोहरीकरण और नगरनार प्लांट के बाद भी जगदलपुर-रावघाट-दल्लीराजहरा रेललाइन पर वह गति नहीं दिखती, जो पड़ोसी राज्य ओड़िशा में दिख रही है।

■ ओडिशा में कई बड़े प्रोजेक्टो का बस्तर को आज भी इंतजार

235 किमी लंबी दल्लीराजहरा-जगदलपुर लाइन के लिए लगभग साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति के बावजूद काम शुरू नहीं हो सका। सवाल यह भी है कि जब ओड़िशा में नई रेल लाइनों, बड़े प्रोजेक्ट्स और कोचिंग फैक्ट्री जैसे कार्य जोरशोर से आगे बढ़ रहे हैं, तो बस्तर के हिस्से में केवल आश्वासन क्यों। बस्तरवासियों के लिए 2026 अब केवल साल नहीं, बल्कि निर्णायक बन गया है। सांसद महेश कश्यप दिल्ली में अनेक बार रेलमंत्री से मुलाकात कर मांगपत्र सौपा लेकिन स्थिति जस का तस।

7603 क्विंटल उपज के 39 वाहनों को रोका और 188 प्रकरण किया दर्ज

## संभाग की 11 मंडियों में 2.36 करोड़ का अवैध उपज जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



बस्तर संभाग के 11 मंडियों की टीम ने धान खरीदी के दौरान अब तक दो करोड़ 36 लाख रूपए की कीमत का 7603 क्विंटल अवैध धान एवं मक्का जप्त किया। साथ मंडियों की ओर से अवैध उपज के लिए 39 वाहन रोका और 188 प्रकरण बनाए गए हैं, जिसमें कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग की ओर से संभाग 11 मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। यह टीम सूचना पर रात में भी वाहनों को रोककर तलाशी कर रहे हैं। सीमावर्ती इलाकों में धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा अवैध परिवहन करने वालों पर सख्ती कार्रवाई की जाएगी। धान खरीदी के दौरान 7 हजार 603 क्विंटल उपज की कीमत दो करोड़ 36 लाख रूपए जप्त कर 188 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है और अवैध उपज परिवहन करने वाले 39 वाहनों को रोका गया। राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि संभाग के 11 मंडियों की टीम के निगरानी बढ़ाने अन्य राज्यों से धान की अवैध उपज को रोकने में प्रभावी सफलता मिली है।

## नियमित कर्मचारी संघ के शंकर व संतोष उपाध्यक्ष

**जगदलपुर।** जिला नियमित कर्मचारी संघ की बैठक सह नववर्ष मिलन 3 जनवरी को संपन्न हुआ। बैठक में कर्मचारियों के अधिकार, भविष्य की रणनीति और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संगठनात्मक मजबूती के लिए शंकर राव जंगम और संतोष दास को जिला उपाध्यक्ष, सरस्वती मंडावी जिला कोषाध्यक्ष, अनुप दास जिला मीडिया प्रभारी तथा उमेंद्र सिंह सोनवानी को जिला प्रचार मंत्री का दायित्व सौंपा गया। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देंगे। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। क्रमोन्नति से जुड़े मामलों में उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने तथा पदोन्नति कोटा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। आगामी संघर्ष और कार्यप्रणाली की रूपरेखा तय की गई।





## दुर्गम रास्तों से पहुंची रेस्क्यू टीम व 12 साल की बालिका का विवाह रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

सुकमा जिला प्रशासन को 2 जनवरी की सुबह सूचना मिली कि सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत रामाराम के सुदूर और पहुंचविहीन गांव नाड़ीगुफा में एक 12 वर्षीय बालिका का विवाह होने जा रहा है। सूचना मिलते ही जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शिवदास नेताम के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन और सेक्टर सुपरवाइजर की संयुक्त टीम गांव पहुंची। टीम ने उफनते नदी-नालों और कठिन परिस्थितियों की परवाह न करते हुए पैदल ही नाड़ीगुफा गांव तक का सफर तय किया।

गांव पहुंचने पर टीम ने पाया कि स्थानीय रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई थीं। अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए परिजनों और ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों और इससे होने वाले कानूनी परिणामों की जानकारी दी। प्रशासन की समझाइश का सकारात्मक असर हुआ। परिजनों ने स्वेच्छा से विवाह रोकने का निर्णय लिया और ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत पंचनामा तैयार किया गया।



### लक्ष्य था परिजनों को प्रेरित करना

बताया गया कि टीम का लक्ष्य केवल विवाह रोकना ही नहीं था बल्कि बालिका को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए परिजनों को प्रेरित करना था। शासन की मंशा है कि राज्य का हर पंचायत बाल विवाह मुक्त घोषित हो, ताकि जिले का सर्वांगीण विकास हो सके।

### ये रहे शामिल

नवपदस्थ कलेक्टर अमित कुमार के निर्देश पर रेस्क्यू टीम में संरक्षण अधिकारी मनीषा शर्मा, सेक्टर सुपरवाइजर निशा साहू, सामाजिक कार्यकर्ता जोगेंद्र दिर्दी, लोकेश्वरी काउंसलर, चाइल्ड लाइन सुपरवाइजर मल्लिका सोड़ी, केस वर्कर मुड़ा पोडियामी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## स्वयंसेवकों ने संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर किया जागरूक कार्यक्रम

# राष्ट्रहित में कार्य करते सामाजिक एकता की बनें मिसाल: फागनूराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

गीदम नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बस्ती सह हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीदम सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों हिन्दू परिवारों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित करना तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन दास मानिकपुरी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बीते 100 वर्षों में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरण और सांस्कृतिक चेतना के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि सभी वर्ग मिलकर राष्ट्रहित में कार्य करें और सामाजिक एकता को मजबूत बनाएं। मुख्य वक्ता फगनूराम वेक ने अपने संबोधन में





हिन्दू समाज की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए संघ द्वारा निर्धारित पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर समाज को आत्मचिंतन कर व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। सम्मेलन के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के रूप में मनराखन दास, ब्रह्मानंद साहू एवं मुरलीधर जायसवाल, सुशील कुमार जैन, विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने समाज में एकता, संस्कार और संस्कृति की मजबूती पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने हिन्दू समाज की एकता, परंपरा, संस्कृति और मूल्यों की रक्षा पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित परिवारों ने राष्ट्र, समाज और संस्कृति के उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कोंडागांव एसपी पंकज चंद्रा ने किया सड़क नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल/कोण्डागांव

## अधिकारियों के साथ शहर का पैदल भ्रमण कर ट्रैफिक व्यवस्था का लिया जायजा



पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा (भापुसे) शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 केशकाल नगरसीमा में जारी सड़क नवीनीकरण कार्य के लिए अवैध अतिक्रमण को हटवाने और रुट डायवर्जन के सम्बंध मे चर्चा हेतु एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल हुए। बैठक के पश्चात एसपी ने सड़क नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उनके साथ एएसपी कौशलेंद्र देव पटेल, अपर कलेक्टर चित्रकान्त चाली ठाकुर, केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक, एसडीओपी केशकाल अरुण नेताम, थाना प्रभारी विकास बघेल, तहसीलदार गणेश सिदार समेत राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, यातायात विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने डिपो चौक से थाना परिसर तक पैदल चलकर निर्माण कार्य, अतिक्रमण एवं ट्रैफिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। जहां नाली तक अतिक्रमण कर चुके दुकानदारों को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटवाने के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान सड़क किनारे बेतरतीब खड़ी 25 वाहनों के खिलाफ एसपी महोदय के निर्देशानुसार केशकाल पुलिस द्वारा लगभग 7,500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

### मार्ग के पुनर्निर्माण को लेकर जिला प्रशासन गंभीर: एसपी

इस सम्बंध में एसपी पंकज चंद्रा ने बताया कि केशकाल शहर की प्रमुख समस्या मुख्य मार्ग के पुनर्निर्माण को लेकर जिला प्रशासन अत्यंत गंभीर है। और वर्तमान में निर्माण कार्य भी काफ़ी तेजी से चल रहा है। इस दौरान आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों जैसे मार्ग डायवर्शन, अतिक्रमण, लोगों की आवाजाही को व्यवस्थित करना, वैकल्पिक मार्ग आदि विषयों पर बैठक कर कार्य निर्धारण किया गया है। जिसके तहत आने वाले दिनों में मार्ग चौड़ीकरण में आने वाले समस्त अतिक्रमण को हटाए जाने हेतु विशेष समयबद्ध अभियान चलाया जाएगा एवं मार्ग निर्माण कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

### एसपी ने नागरिकों से की सहयोग की अपील

एसपी महोदय ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं नगरवासियों से आग्रह किया है कि सड़क नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने तक आप सभी पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। वाहनों को सड़क किनारे बेतरतीब पार्क न करते हुए नगर पंचायत द्वारा चिन्हित स्थानों में पार्किंग की जाए। यात्री बस संचालक शहर में ओवरस्पीड व ओवरटेक न करें। साथ ही जल्द से जल्द अतिक्रमण को स्वयं हटवा लेवें। यदि नगरवासी प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### शंकरपुर में बाल सुरक्षा को लेकर हुई एसएमसी बैठक

कोण्डागांव। ब्लॉक फरसगांव अंतर्गत ग्राम शंकरपुर में युवोदय एग्रिकोन के द्वारा बाल सुरक्षा विषय पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों एवं संकुल समन्वयक के साथ मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास—जैसे शिक्षा, सुरक्षा, मानसिक एवं सामाजिक विकास—पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बाल अधिकारों, बच्चों के साथ होने वाली समस्याओं की पहचान तथा उनसे निपटने के उपायों पर जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों की सुरक्षा से संबंधित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी साझा की गई और यह बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर तुरंत संपर्क किया जा सकता है। बैठक के अंत में सभी उपस्थितजनों ने बच्चों की सुरक्षा एवं विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा भविष्य में भी इस तरह की जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करने पर सहमति बनी। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रहलाद पांडे, प्रधानाध्यापिका हेमलता मरकाम, श्रवण कुमार राठिया, युवोदय ब्लॉक समन्वयक कमल किशोर, स्वयंसेवक धनेश नाईक, सहित एसएमसी के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### डॉ. राजाराम त्रिपाठी बने क्राप आइकॉन अवार्ड 2026 के जूरी सदस्य

कोण्डागांव। नववर्ष 2026 की शुरुआत देश के कृषि जगत के लिए गौरवपूर्ण खबर के साथ हुई है। प्रख्यात कृषि



विशेषज्ञ एवं जैविक खेती के अग्रदूत डॉ. राजाराम त्रिपाठी को देश के प्रतिष्ठित क्राप आइकॉन अवा6 की राष्ट्रीय चयन समिति नेशनल एडवाइजरी काउंसिल में जूरी सदस्य नियुक्त किया गया है। क्राप आइकॉन अवार्ड' का आयोजन कृषि जागरण समूह द्वारा भारत सरकार के कृषि मंत्रलय, आईसीएआर, नाबार्ड, महिंद्रा सहित देश की प्रमुख कृषि संस्थाओं के सहयोग से किया जाता है।

## अबूझमाड़ व नारायणपुर प्रवेश मार्ग की बदहाली को लेकर फूटा जनाक्रोश

# जर्जर एनएच-130डी के विरोध में कांग्रेस ने किया चक्काजाम, शासन पर लगाया संवेदनहीनता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर



नेशनल हाइवे 130 डी अबूझमाड़ एवं जिला मुख्यालय नारायणपुर की प्रवेश द्वार सड़क की जर्जर हालत को लेकर शासन-प्रशासन की घोर विफलता, जनविरोधी रवैये एवं सत्ता की संवेदनहीनता के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी, नारायणपुर द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बखरूपारा एड़का चौक में चक्काजाम कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। जिला कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया कि अत्यधिक और जर्जर बदहाल स्थिति में है, जिससे आम जनता, मरीजों, छात्रों एवं व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। बार-बार मांग और शिकायत के बावजूद सड़क निर्माण एवं मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जो सत्ता की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

■ सड़क निर्माण नहीं हुआ तो आंदोलन होगा और उग्र : कांग्रेस

### शांतिपूर्ण रहा आंदोलन, यातायात रहा प्रभावित

*चक्काजाम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीवान ने प्रशासनिक अधिकारियो को जल्द जल्द शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू करने कहा अन्यथा, आगे आंदोलन को और उग्र करने की बात कही जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, लेकिन आंदोलन शांतिपूर्ण रहा। नारायणपुर अनुविभागीय एवं दण्डधिकारी मांडवी सर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ को हाइवे से उठाया कांग्रेस ने एसडीएम को ज्ञापन सौप कर आंदोलन समाप्त किया। जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि अबूझमाड़ एवं जिला मुख्यालय नारायणपुर की प्रवेश द्वार सड़क का तत्काल सुधार एवं स्थायी समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इसके सिवा गढबेंगाल चौक से कोंडागांव और छोटडोंगर तक ग्रामीण क्षेत्र मे पानी का छिड़काव किया जाये ताकि इस मार्ग मे चलने वाले यात्री को धुल से थोड़ा राहत मिल सके।*

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम मे प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस महासचिव शेख तौहीद, संतोष राव, सचिव संजय राय, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव वेदबती पात्र, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रशीला कश्यप, मीना नाग, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, छोटे डोंगर ब्लॉक अध्यक्ष महेश कश्यप, पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अमित भद्र, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुनीता मांझी, पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, एन एस यू आई प्रदेश सचिव जय वट्टी, जिलाध्यक्ष विजय सलाम, वरिष्ठ कांग्रेसी जेपी देवांगन वीपी शुक्ला, शिव कुमार पांडेय, शब्बीर बढ़गुजर, मंडल अध्यक्ष सुगदू कुमेटी, संतु पोटाई, पूर्व पार्षद सोनिका पोर्ते, जोशीलाल पात्र, कांग्रेस कार्यकर्ता मनोज सेन, दीपक गाँधी, सुक्कू पोटाई, राकेश केसरिया, हेमबत्ती कुपाल, तरुण देहारी, एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शनिवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपातकालीन वार्ड सहित अस्पताल की विभिन्न इकाइयों एवं वार्डों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं, उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं आवश्यक संसाधनों का आकलन किया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों को 'दीदी की रसोई' में ही भोजन करने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उन्हें स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके।

■ स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ–सफाई व व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### निर्माण कार्यों की प्रगति का भी किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चिकित्ससर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया और कार्यों को समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. पीएल मंडावी, डीपीएम भावना माहलवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुशांत का पूर्वी जोन अंतर-विश्वविद्यालयीन बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के प्रतिभाशाली छात्र सुशांत नेताम का चयन पूर्वी जोन अंतर–विश्वविद्यालयीन बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के लिए किया गया है। वे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर की बास्केटबॉल पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। सुशांत नेताम का चयन 16 से 17 दिसंबर 2025 को एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस, बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तर बस्तर एवं




दक्षिण बस्तर सेक्टर के खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय टीम के लिए किया गया। पूर्वी जोन अंतर–विश्वविद्यालयीन बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 9 जनवरी 2026 तक यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता में किया जाएगा, जिसमें पूर्वी जोन के लगभग 40 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के लिए शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया है।

### नियमित अभ्यास और मार्गदर्शन का दिखा प्रभाव

महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच. आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से जुलाई माह से ही उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी सतत अभ्यास का परिणाम है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सफलता अर्जित कर रहे हैं।

### महाविद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं

सुशांत नेताम के इस चयन पर महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी–कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। सभी ने आशा व्यक्त की कि वे पूर्वी जोन अंतर–विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कोंडागांव एवं महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# धनोरा में सरस्वती साइकिल वितरण से बालिका शिक्षा को संबल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धनोरा में छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु सरस्वती साइकिल वितरण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नंदनी पोटाई, अध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल रहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्री कपिलकांत नाग, जिला पंचायत सदस्य कोंडागांव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामेश्वर उसेंडी, अध्यक्ष एसएमडीसी सेजेस धनोरा द्वारा की गई।

मुख्य अतिथि नंदनी पोटाई ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं की शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और बालिकाओं की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी। विशेष अतिथि कपिलकांत नाग ने छात्राओं को निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और छात्र-छात्राओं को अच्छे मेहनत करने के लिए मार्गदर्शन दिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री रामेश्वर उसेंडी ने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को विशेष लाभ मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान पात्र छात्राओं को साइकिल का वितरण अतिथियों के करकमलों से किया गया। छात्राओं के चेहरों पर प्रसन्नता स्पष्ट रूप से देखी गई।आभार प्रदर्शन श्री के आर. प्रधान, प्राचार्य पीएम श्री सेजेस धनोरा द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# धनोरा में शिक्षा, खेल और विकास का समन्वित संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा



केशकाल विधानसभा क्षेत्र में 31 दिसंबर 2025, बुधवार को शिक्षा, खेल और विकास को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम जी ने सहभागिता कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण संदेश दिया। ईरागांव शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल में छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नियमित अध्ययन एवं सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए 27 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। विधायक टेकाम जी ने अपने कर-कमलों से साइकिल प्रदान करते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज और क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव है। साइकिल योजना से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और शिक्षा से जुड़ाव मजबूत होगा। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य "बेटी पढ़े–आगे बढ़े" के संकल्प को साकार करना रहा। विधायक टेकाम जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। साथ ही लोकार्पण एवं शिलान्यास किए गए विकास कार्यों से ग्राम पंचायत चूरेगांव को नई विकासात्मक सौगात मिली है। कार्यक्रम जनसहभागिता से सफल और यादगार रहा।

ये रहे उपस्थितः इसी दिन धनोरा मण्डल अंतर्गत ग्राम पंचायत चूरेगांव में आयोजित दो दिवसीय डे–नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह एवं विकास कार्यों का लोकार्पण–शिलान्यास कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक नीलकंठ टेकाम जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष सेवकराम नेताम जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष, सरपंच, वार्डपंच सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# प्रदेश सहसंयोजक प्रदीप सिंघो ने किया प्रशिक्षणार्थियों को फल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रदेश सहसंयोजक प्रदीप सिंघो का रायपुर से कोंडागांव नगर आगमन हुआ। प्रवास के दौरान वे अपनी धर्मपत्नी मौसमी सिंघो के साथ विकास नगर स्टेडियम पहुंचे, जहां अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने अतिथियों को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का निरीक्षण कराया। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों द्वारा युवाओं को प्रतिदिन 5 किलोमीटर दौड़ ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक सहित अन्य शारीरिक एवं अनुशासनात्मक प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे फोर्स भर्ती की तैयारी मजबूत होती है।

■ निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, युवाओं को दिया प्रेरणादायी संदेश



### प्रशिक्षणार्थियों को फल वितरण

*निरीक्षण उपरांत प्रदीप सिंघो एवं मौसमी सिंघो ने प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों को फल वितरित किए। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यदि आपने फौज में जाने का लक्ष्य तय कर लिया है, तो पूरी मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें। कोई लक्ष्य बड़ा नहीं होता, हारा वही जो लड़ा नहीं। प्रदीप सिंघो ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां पूर्व सैनिक न केवल निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दे रहे हैं, बल्कि युवाओं के भीतर राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की भावना भी विकसित कर रहे हैं, जो समाज और देश दोनों के लिए प्रेरणादायी है।*

ये रहे उपस्थित : इस अवसर पर अखिय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, सदस्य श्रीकांत तिवारी, राकेश धीवर सहित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे लगभग 75 युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

## विधायक लता उसेंडी ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

# कोपाबेड़ा में 4.51 करोड़ के सड़क चौड़ीकरण व पुल निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम कोपाबेड़ा में शनिवार को 04 करोड़ 51 लाख 93 हजार रुपये की लागत से होने वाले सड़क चौड़ीकरण एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल देखा गया। भूमिपूजन किए गए कार्यों में शिव मंदिर मार्ग का 2.90 किलोमीटर लंबाई में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा एक पुल का निर्माण शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम कोपाबेड़ा सहित आसपास के गांवों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

■ 2.90 किमी सड़क चौड़ीकरण से ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर आवागमन सुविधा



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि सड़क एवं पुल निर्माण से ग्रामीणों को सुगम यातायात सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि कोंडागांव विधानसभा में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। विकास कार्यों की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों ने विधायक सुश्री लता उसेंडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से कोपाबेड़ा और आसपास के क्षेत्रें में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण जीवन आसान हो रहा है।

### ये रहे उपस्थित

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, कुलवंत सिंह चहल, दिनेश महाजन, ग्राम गायता आसमन कोर्राम, ग्राम प्रमुख बुधमन कोर्राम, कोपाबेड़ा ग्राम समिति अध्यक्ष मनोज पटेल, नागेश देवांगन, बंटी नाग, शीतल पटेल, अमिताभ बोस, अविनाश सोरी, देवेंद्र मौर्य, लक्ष्मी ध्रुव, सोनमणि पोयाम, सुषमा खोबरागड़े, सती बघेल, संतोष सिंह, अनिल देवांगन, मयंक भोसले, राजा मुखर्जी, हिमांशु ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए धर्मा

**बस्तर।** भारतीय युवा कांग्रेस नारायणपुर के जिलाध्यक्ष बोधन देवांगन ने पूर्व विधायक चंदन कश्यप, युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा व युवा कांग्रेस नारायणपुर जिला प्रभारी शेख नदीम खान के निर्देशानुसार धर्मा पाढ़ी को भानपुरी ब्लॉक युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके नियुक्ति से युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। उन्होंने क्षेत्र में युवाओं को जोड़कर कांग्रेस की रीति, नीति से अवगत कराने की बात कही है।



### इंद्रावती बचाओ संघर्ष समिति गांवों में चला रहा गौ रक्षा अभियान



**बस्तर।** छापर भानपुरी में इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति की बैठक हुई। इन दिनों में हर किसान अपने खेत में मक्का, चना, धान, दलहन और सब्जी का फसल लगाना शुरू कर चुके हैं। और कुछ किसानों की सब्जी फसल तैयार होने को है पर मवेशी से बचाने के लिए इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति बस्तर के द्वारा हर गांव गांव में जनजागृति अभियान चला कर किसानों को अपने अपने मवेशियों को खुला न छोड़ने की अपील कर रहे हैं, सभी किसानों में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। आवारा पशुओं से किसानों की डबल नुकसान हो रहा हैं, जिससे किसानों की आमदनी में सीधा प्रभाव पड़ रहा है जिससे आर्थिक क्षति हो रही है।
जिसे देखते हुए इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति बस्तर द्वारा गौ रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव सुभाष कश्यप, जनपद सदस्य गंगा बघेल, हिड़मो मण्डवी, पूर्व सरपंच मुना लाल कश्यप, जीवनाथ मौर्य, अनिल बघेल, उप सरपंच बोदा कश्यप, बुदरू बघेल, जगदीश बघेल, लच्छू समलू कश्यप और बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

# बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य व बाल संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के सफल नेतृत्व व सीईओ नम्रता चौबे एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया के मार्गदर्शन में विकासखंड भोपालपटनम के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिमेड़ स्थित प्राथमिक शाला तिमेड़ में शाला प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक शिक्षकगण एवं बीजादूतीर कार्यक्रम की सहभागिता से संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति अभिभावकों और समुदाय को जागरूक करना रहा। बैठक की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष सुरेश पोर्टेटी ने की सचिव शारदा तामडी उपस्थित रहीं। बैठक में स्थानीय शिक्षक शारदा देवी तामड़ी प्रधानपाठक, सुमन वाडेकर, कुमारी संगीता नाग, समैया अभिभावक एवं बीजादूतीर ब्लॉक समन्वयक सुश्री श्यामलता वासम एवं बीजादूतीर स्वयंसेवक अनुशा कुकड़ा, संतोषी पोर्टेटी, पी रीना, चांदनी चिडेम़, हेमलता कोमरम, पूजा मंडावी स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

बैठक के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अभिभावकों को बच्चों के लिए घर में सुरक्षित एवं व्यवस्थित पढ़ाई का कोना तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया जिस पर पालकों ने सहमति व्यक्त की।

इसके साथ ही बच्चों एवं किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक- भावनात्मक शिक्षा एसईएल पर विस्तार से चर्चा की गई। बाल अधिकारों, बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव को रोकने तथा बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी साझा की गई। बैठक में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के उपयोग और महत्व की जानकारी भी दी गई। मानसिक स्वास्थ्य को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाने के लिए साफ-सीडी गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें पालकों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। इस गतिविधि के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बच्चों का मन सकारात्मक और तनावमुक्त रखने से उनका व्यवहार और सीखने की क्षमता बेहतर होती है। इसके अतिरिक्त साफ-सीडी खेल के माध्यम से सकारात्मक एवं नकारात्मक व्यवहार का बच्चों के मानसिक विकास पर प्रभाव समझाया गया।

बैठक के अंत में उपस्थित अभिभावकों एवं समिति सदस्यों ने बच्चों के शैक्षणिक मानसिक एवं सामाजिक विकास हेतु विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

यह बैठक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, अधिकारों एवं सकारात्मक पालन-पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### यूनियन के सदस्यों को नववर्ष के उपलक्ष्य में प्रदान किए गए उपहार

# सामाजिक सौहार्द व श्रमिक हितों के प्रति प्रतिबद्धता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



श्रमिकों एवं उद्योग हितार्थ उद्देश्यों के साथ-साथ जनहित कल्याणकारी क्षेत्रों एवं सामाजिक समरसता जैसे नेक विचारों पर एनएमडीसी के किरंदुल परियोजना में कार्यरत प्रमुख श्रमिक संघ मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप तथा सचिव एके सिंह के सशक्त एवं कुशल नेतृत्व में आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह डॉ. बीआर अंबेडकर भवन तथा अपने सदस्यों को वार्षिक उपहार वितरण इंटक श्रमिक सदन गांधी भवन में संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल नव वर्ष के स्वागत का अवसर बना, बल्कि श्रमिक एकता, सामाजिक समरसता एवं संगठनात्मक मजबूती का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता दिखाई दिया।

■ **श्रमिकों के कल्याण, सम्मान एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध**

पूर्व वर्षों की प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय परंपरा का निर्वहन करते हुए आयोजित इस समारोह में प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। यूनियन के सम्मानित सदस्यों को नव वर्ष के उपलक्ष्य में स्नेहपूर्वक उपहार प्रदान किए गए। जिससे सदस्यों में उत्साह, आत्मीयता एवं संगठन के प्रति विश्वास और अधिक प्रगाढ़ हुआ। दोपहर 12 बजे से डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन किरंदुल में इंटक के आमंत्रित सदस्यों, साथियों व नगर परिवार के अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, समाज सेवको, बुद्धिजीवियों, नागरिकों के लिए अल्पाहार एवं स्वादिष्ट भोजन की उत्कृष्ट, स्वच्छ एवं अनुशासित व्यवस्था की गई।

नव वर्ष मिलन समारोह में बीआईओएम किरंदुल काम्प्लेक्स प्रबंधन, पुलिस प्रशासन, नगरपालिका, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रादेशिक, धार्मिक, सेवाभावी संस्थाओं के अध्यक्ष सचिव पदाधिकारी के साथ साथ व्यापारी संघ, पत्रकार संघ, एनएमडीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष, सचिव ,पदाधिकारी, नगर के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय एवं गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि एवं आमंत्रित अतिथियों ने मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन को श्रमिक हितों के लिए समर्पित, अनुशासित एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग संगठन बताया। इस अवसर पर यूनियन के सचिव आदरणीय एके सिंह ने अपने प्रभावशाली स्वागत संबोधन में सभी आमंत्रित अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन केवल श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाला संगठन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, आपसी सहयोग एवं मानवीय मूल्यों को सशक्त करने वाला एक सशक्त श्रम संगठन का मंच है। उन्होंने कहा कि यूनियन निरंतर श्रमिकों के कल्याण, सम्मान एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन श्रमिक परिवारों के बीच आपसी आत्मीयता, विश्वास एवं संगठनात्मक एकता को मजबूत करते हैं तथा नगर परिवार के बीच समाज में प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी सदस्यों, पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि और आमंत्रित अतिथियों, जन प्रतिनिधियों, समाज सेवकों, नागरिकों का शाल, गमछा से संगठन के अध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप और सचिव एके सिंह तथा पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस नववर्ष मिलन समारोह के मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक रविन्द्र नारायण ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंटक यूनियन के इस आयोजन सिर्फ कर्मचारी साथी ही नहीं नगर परिवार की गरिमामय उपस्थिति अनेकता में एकता मिनी इंडिया प्रदर्शित करता है। सामाजिक समरसता देखने को मिल रही है। जिसके लिए श्रम संगठन इंटक को धन्यवाद देता हूं। प्रबंधन का सकारात्मक सहयोग नगर के विकास से संबंधित विषयों में सदैव रहा है आगे भी रहेगा का सकारात्मक आश्वासन प्रदान किए।

समारोह का समापन नव वर्ष को प्रेम, उल्लास, एकता एवं भाईचारे की भावना के साथ मनाने के संकल्प के साथ हुआ। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन द्वारा आयोजित यह नववर्ष मिलन समारोह संगठन की सकारात्मक छवि, सामाजिक सरोकार एवं श्रमिक हितों के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित करने वाला एक प्रेरणादायी एवं स्मरणीय आयोजन सिद्ध हुआ।

# इमली, चरौटा, लाख, हर्रा, अमचूर में मंडी शुल्क नहीं होने से आय हो रही प्रभावित

**वर्ष 2024-25 का विपणन ने नहीं दिया 11 मंडियों को 1.08 अरब का मंडी शुल्क**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कृषि उपज मंडी में इमली, चरौटा, लाख हर्रा, अमचूर में मंडी शुल्क नहीं होने से मंडी की आय हो रही प्रभावित, जिसके चलते मंडी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन देना मुश्किल हो रहा है।

उक्त बातें हरिभूमि से चर्चा में राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के 3 मंडी एवं 2 उप मंडी के लगभग 39.05 एकड़ जमीन में वर्षों से सुरक्षा बलों का कब्जा है।

बीजापुर मंडी का 11 एकड़, नारायणपुर मंडी का ढाई एकड़, कोंडागांव मंडी का 9 एकड़, भोपालपटनम उप मंडी का 15 एकड़ एवं दोरनापाल उप मंडी का 2 एकड़ जमीन वर्ष 2005 से सुरक्षा बल तैनात हैं। बताया जा रहा है कि नक्सल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इसके चलते लगभग वर्षों से मंडी में उपज की आवक कमी एवं आय प्रभावित हो रही है। मंडी सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों की ओर से मंडी को कब्जे की जमीन का अब तक किराया नहीं दिया जा रहा है, जिसके लिए पत्राचार किया जाएगा।

■ **मंडी के 39.05 एकड़ जमीन में वर्षों से सुरक्षा बलों का कब्जा पर किराया के लिए करेंगे पत्राचार**

साथ ही संभाग के सातों जिले के राज्य सहकारी विपणन संघ की ओर से 11 कृषि उपज मंडियों को शासकीय धान खरीदी पर मंडी शुल्क दिया जाता है, जिसके चलते वर्ष 2024-25 से संघ पर एक अरब 08 करोड़ 41 लाख 96 हजार 238 रूपए बकाया है। इससे मंडी बोर्ड ने जिला प्रशासन को 15 करोड़ 85 लाख 09 हजार 915 रूपए निराश्रित शुल्क नहीं दे पाया। इसके लिए विपणन को नोटिस दिया जा रहा है।

### मंडियों में नई दिशा देने का प्रयास

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि वे दुर्ग से स्थानांतरण में जगदलपुर में जेडी का कार्यभार लिया। उन्होंने कहा कि संभाग के 11 मंडियों में नई दिशा देने का प्रयास करेंगे।

# नववर्ष पर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मिला थाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

नव वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को ग्राम पंचायत कुदालगांव की ओर से आंगनवाड़ी क्रं 4 में सराहनीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुदालगांव के आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत बच्चों को थाली का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नववर्ष की खुशियों के साथ बच्चों को प्रोत्साहित करना एवं आंगनवाड़ी के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना रहा। थाली वितरण के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। ग्राम पंचायत की इस पहल की ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने सराहना की। आयोजन के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा कश्यप, सहायिका धनबती ठाकुर एवं ग्राम पंचायत लक्ष्मी गोयल, उपसरपंच हेमलता ठाकुर, पंच धनमती भद्रे, विक्रम ठाकुर, गोमती बघेल, निशा कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, सचिव पदम बघेल, सूखदास भद्रे एवं अध्ययन रत बच्चे और पंचायत से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# 134 आत्मसमर्पित हितग्राहियों ने किया जैविक खेती और पर्यटन स्थलों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला प्रशासन द्वारा समाज की मुख्यधारा में लौटे आत्मसमर्पित हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर देवेश ध्रुव एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी द्वारा 134 आत्मसमर्पित हितग्राहियों को शैक्षणिक एवं कृषि भ्रमण कराया गया।

■ **उन्नत खेती के प्रशिक्षण की जताई इच्छा**

ज्ञात हो कि विगत दिनों इन हितग्राहियों द्वारा जिला प्रशासन के समक्ष कृषि एवं पर्यटन क्षेत्रों के भ्रमण की इच्छा व्यक्त की गई थी, जिसे स्वीकार करते हुए यह आयोजन सुनिश्चित किया गया। लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य हरीश सिन्हा एवं अन्य प्रशिक्षकों की उपस्थिति में सभी प्रशिक्षणार्थियों को क़ृषि विभाग के अधिकारियो कर्मचारियों एवं भूमगादी के जैबिक क्लस्टर कोर्डिनेटर द्वारा आर्गेनिक खेती की उन्नत तकनीकों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। भ्रमण के दौरान हितग्राहियों ने रासायनिक खादों के बिना कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की विधियों को बारीकी से समझा। साथ ही उन्हें जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों ने आग्रह किया कि जिला प्रशासन की ओर से लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी में उनके लिए विशेष रूप से दो से तीन दिवसीय आवासीय कृषि प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। उनका कहना है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से वे घर वापसी के उपरांत स्वयं के गांवों में उन्नत किस्म की खेती कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

# किसानों को डीएपी खाद का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

जनपद पंचायत बस्तर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत करंदोला, भानपुरी में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए ऑयल पाम पौधारोपण करने वाले किसानों को डीएपी खाद का वितरण किया गया।

इस पहल का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि की ओर प्रोत्साहित करना, उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाना तथा उनकी आय में वृद्धि करना है। इस अवसर पर जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति रायधर दीवान की उपस्थिति में ग्राम पंचायत मांदलापाल, चमिया, बागमोहलाई, लामकेर, टाकारागुड़ा के किसानो को वितरण किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों की मेहनत और समृद्धि ही क्षेत्र के विकास की नींव है। इस अवसर पर उधानिकी विभाग के अधिकारी एनएस पैकरा, नैनसाय पैकरा, बसंत यादव, सुकलाल उसेंडी मौजूद थे।

# 4 महिलाओं के जीवन में आया बदलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

ग्राम पंचायत मिरतुर में बीजादूतीर स्वयंसेवक ज्योति कडती के संवेदनशील हस्तक्षेप से चार विधवा महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक और सशक्त परिवर्तन देखने को मिला है। लखी कडती, आसमती, सोमारी और कोपे ये सभी महिलाएँ अपने बच्चों के भरण-पोषण और शिक्षा की जिम्मेदारी अकेले निभा रही थीं। आय का कोई स्थायी साधन न होने के कारण वे मानसिक तनाव और भविष्य की चिंता से जूझ रही थीं। विशेष रूप से लखी कडती, एक बुजुर्ग विधवा महिला, अपने चार छोटे बच्चों की पढ़ाई, किताबें और कपड़ों जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी करने में असमर्थ थीं। आर्थिक तंगी उनके लिए सबसे बड़ा भावनात्मक बोझ बन चुकी थी।

जब बीजादूतीर की वॉलिंटियर ज्योति कडती को इन महिलाओं की कठिन परिस्थितियों की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल पहल की। उन्होंने महिलाओं को ₹सक्षम योजना₹ के बारे में विस्तार से बताया जो महिलाओं को कम ब्याज दर 3 प्रतिशत पर स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की योजना है। ज्योति कडती ने न केवल योजना की जानकारी दी बल्कि फॉर्म भरने से लेकर बैंक से ऋण स्वीकृति तक की पूरी प्रक्रिया में मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया।

निरंतर प्रयास और सहयोग के परिणामस्वरूप चारों महिलाओं को प्रत्येक को 1 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इस प्रकार कुल 4 लाख रुपये का निवेश सुनिश्चित हुआ। लखी कडती ने अपने घर के पास किराना दुकान शुरू की जिससे वे वर्तमान में लगभग 10000 मासिक आय अर्जित कर रही हैं। अन्य तीन महिलाओं आसमती, सोमारी और कोपे ने ऋण राशि से चिकन शॉप प्रारंभ कर अपना-अपना व्यवसाय स्थापित किया। आज ये चारों महिलाएँ न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो चुकी हैं, बल्कि सम्मानपूर्वक अपने परिवारों का पालन-पोषण कर रही हैं। वे अपनी आय से बच्चों की स्कूल फीस, किताबें और दैनिक आवश्यकताएँ आसानी से पूरी कर पा रही हैं। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलने के साथ उनके जीवन में आत्मविश्वास और संतोष लौटा है।

# सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

आज सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधे श्याम साहू के नेतृत्व में बस्तर संभाग में संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदू के मार्गदर्शन पर जगदलपुर के नयामुंडा तिरंगा चौक पर सावित्रीबाई फूले जयंती का समारोह किया गया। इसमें विभिन्न समाज के महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज के वरिष्ठ जन भी उपस्थित थे एवं ओबीसी महासभा के कार्यकारिणी एवं पदाधिकारीगण भी उपस्थिति थे। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया और सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों को याद किया।

समारोह में सावित्रीबाई फुले के जीवन पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने उनके शिक्षा और सामाजिक सुधार के कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह में समाज के लोगों ने सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि दी। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को याद किया।

इस कार्यक्रम पर संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदू, उपाध्यक्ष रामेश्वर बिषई, उपाध्यक्ष तुलसीराम ठाकुर, सचिव हरीश साहू, जिलाध्यक्ष रघुवंश यादव, प्रदेश सचिव लाल बहादुर यादव, ओम साहू, गेंदालाल सोनी, प्रदीप, सूर्या पानी, गौरनाथ, सुरेंद्र सोनी, अंजना नाग, जया नाग, कमला, रखा गुरू, देविका, पद्मिनी, सुजाता राव, पारो एवं ओबीसी समाज के लोग शामिल रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

राजस्व प्रकरण क्रं./ब-121/2025121
52300222/ 2025-26
ग्रामः- तारागांव प.ह.न.19 तहसील लोहंडीगुड़ा

एतद् द्वारा ग्राम तारागांव के जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रकाश पोड़यामी पिता लच्छिन पोड़यामी जाति माड़िया निवासी ग्राम तारागांव के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बाबत आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा का मूल प्रति एवं आधार कार्ड, राशनकार्ड की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपने स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहते है। स्वयं प्रकाश पिता लच्छिन का जन्म दिनांक 20/06/2006 का उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 12/01/2026 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/12/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**लोहंडीगुड़ा**

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**बचेली।** बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के द्वारा असरानी के स्वागत कार्यक्रम में लौहनगरी बचेली की हदय स्थल कही जाने वाली हनुमान मंदीर चौक पर असरानी को फटाके की गड़गड़ाहट के साथ पुष्प हार पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं फूलों की वर्षा कर गर्मजोसी के साथ सम्मानित किया एवं मिठाईयां बाटी। कार्यक्रम के दौरान ट्रक यूनियन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पदाधिकारी मनीष नायक, सह सचिव विश्वजीत सरकार पिंकु, सहसचिव बैभव साहा, उमेश सिंह, सूरज जायसवाल, संजय दास ,विवेक सरकार ,सौरभ अग्रवाल, अभिषेक समद्दार,अनील यादव, गौरव सिंह, विशाल सोनवानी, अग्रवाल, शिवा, विजय दास सहित संस्था के वरिष्ठ एवं गणमानिय सदश्य उपस्थित रहे।

### निर्वाचक नामावली शुद्धिकरण कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देश

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।
बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि श्रेणी 'सी' (कैटेगरी सी) के नो मैपिंग वाले मतदाताओं, जिनसे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज प्राप्त किए जाने हैं, तथा ऐसे मतदाता जिनके पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, उनका मतदान केंद्रवार चिन्हांकन कर सूची तीन दिवस के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।
उक्त सूची के आधार पर विशेष शिविर आयोजित कर ग्रामसभा के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में फॉर्म-6 के माध्यम से 15,000 नए मतदाताओं के नाम जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए प्रतिदिन फॉर्म-6 की ऑनलाइन प्रविष्टि एवं संग्रहण की कार्यवाही नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## गांव-गांव में छेरछेरा की धूम...





**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व छेरछेरा बस्तर में भी उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे विभिन्न पोशाक पहनकर स्त्री पुरुष बनकर नाचते गाते नजर आए। कोयला और चाक से मुंछे बनाकर हाथ में डंडा और लकड़ी से बने वाद्ययंत्र बनाकर घर घर पहुंचकर मनोरंजन करते रहे। छत्तीसगढ़ी और उड़िया गीत गाकर छेरछेरा मनाया। *छाया : संतोष पाण्डेय*

### श्री बालाजी मंदिर के 25वें वार्षिकोत्सव की तैयारी तेज

# रजत जयंती को दिव्य और भव्य बनाने का संकल्प
# बालाजी मंदिर में जुटा सर्व हिंदू समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




श्री बालाजी मंदिर के रजत जयंती वार्षिकोत्सव को ऐतिहासिक, भव्य और दिव्य स्वरूप देने की तैयारियां अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी हैं। इसी क्रम में 1 फरवरी 2026 को बालाजी मंदिर कल्याण मंडपम में सर्व हिंदू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न समाजों, संघों और संगठनों के प्रतिनिधियों की बड़ी उपस्थिति देखने को मिली। बैठक का मुख्य उद्देश्य वार्षिक उत्सव को केवल

■ **आयोजन को शानदार बनाने पर बनी सहमति**

धार्मिक आयोजन न रखते हुए सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनाना रहा।

बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से उत्सव को सफल बनाने के लिए सुझाव और सक्रिय सहयोग का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रजत जयंती का यह अवसर सामूहिक सहभागिता, अनुशासन और समर्पण से ही यादगार बन सकता है। आयोजन की रूपरेखा,व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक सहभागिता जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। सभी समाजों और संगठनों ने एक स्वर में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि रजत जयंती वार्षिकोत्सव के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया जाएगा। आयोजन को सुव्यवस्थित और अनुकरणीय बनाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन और समन्वय पर भी सहमति बनी। बैठक को बेवरेज कॉरपोरेशन छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष (अध्यक्षता), ट्रस्ट अध्यक्ष, विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों ने संबोधित किया। संचालन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन आयोजन समिति की ओर से किया गया। बैठक में सक्षम संस्था, गायत्री परिवार, पतंजलि योग समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, वनवासी कल्याण आश्रम, सर्व हिंदू समाज सहित माहेश्वरी, सिंधी, धाकड़ ठाकुर, श्रीवास्तव, कर्मा, अग्रवाल, गुजराती, यादव, कोस्टा, पंजाबी सनातन धर्म, सत्य साईं सेवा समिति, बजरंग दल एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बेवरेज कॉरपोरेशन छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष (अध्यक्षता) श्रीनिवास राव मद्दी, ट्रस्ट अध्यक्ष वासुदेव राव,एम जयंत नायडू,महेंद्र कांत संघाणी,सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष दशरथ कश्यप,विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता,बस्तर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष प्रदीप पाठक,सिख समाज के अध्यक्ष अरमिक सिंह,हैप्पी मग्गू,अनिल अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**रजत जयंती बैठक के प्रमुख बिंदु**

रजत जयंती वार्षिकोत्सव को भव्य और दिव्य स्वरूप देने पर सर्वसम्मति बनी; सभी समाजों और संगठनों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया गया। आयोजन की व्यवस्थाओं, श्रद्धालु सुविधा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को उत्सव का मूल संदेश बनाने पर जोर दिया गया, विभिन्न समितियों के गठन और आपसी समन्वय से आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया।

## शाकंभरी माता की शोभायात्रा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मरार पटेल समाज के आराध्य देवी मां शाकंभरी जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का बस्तर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकतार्ओं ने राजीव भवन के समक्ष स्वागत किया। मौर्य ने देवी की पूजा अर्चना की एवं समाज के लोगों को शुभकामनाएं दी।

इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, कविता साहू, विक्रम सिंह डांगी, महामंत्री अभिषेक नायडू, सुभाष गुलाटी,अल्ताफ उल्ला खान, सुषमा सुता, यूंका अध्यक्ष निकेत राज झा, राजेंद्र पटवा, असीम सुता, अमरनाथ सिंह, संदीप दास, विक्रांत सिंह,लव मिश्रा, रविशंकर तिवारी, मनोज साहनी, दिनेश पाणिग्रही, वीरेंद्र परिहार, बबली खान, नीतीश शर्मा, शादाब अहमद, पार्षद सुशीला बघेल, ललिता राव, लोकेश चौधरी, कमलेश पाठक, सलीम जाफर अली, मनिता राउत, कमला भत्तरा मौजूद रहे।

## बस्तर के पेंशनरों ने किए प्रमुख तीर्थों के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में बस्तर संभाग के पेंशनर सहभागी बने। अयोध्या धाम में दो दिवसीय समापन के बाद वरिष्ठ नागरिकों के लिए अन्य तीर्थस्थल घूमने की व्यवस्था रही।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के दिव्य दर्शन और हनुमानगढ़ी में शीश नवाने के साथ

■ **वापसी पर आत्मीय स्वागत, दर्शन से अभिभूत**

यात्रा का शुभारंभ हुआ। इसके बाद काशी में काशी विश्वनाथ और काल भैरव, सारनाथ में सम्राट अशोक कालीन धरोहरों के दर्शन ने पेंशनरों को भारत की गौरवशाली विरासत से साक्षात्कार कराया।

इसके पश्चात गोवर्धन पर्वत, मथुरा-गोकुल की श्रीकृष्ण जन्मभूमि, नंदगांव, वृन्दावन के बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर, निधिवन और बरसाना स्थित राधारानी मंदिर में दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। यात्रा के अंतिम चरण में प्रयागराज संगम में पवित्र स्नान तथा चित्रकूट में पंचकोशी मंदिर, रामघाट और मंदाकिनी नदी के दर्शन-नौकाविहार ने इस आध्यात्मिक यात्रा को पूर्णता प्रदान की। लगातार 12 दिनों के तीर्थाटन के बाद लौटे बस्तर के पेंशनरों का आत्मीय स्वागत किया गया। दल ने यात्रा को जीवन की अविस्मरणीय उपलब्धि बताया। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी, प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव मौजूद रहे।

## शहर के मुख्य मार्गों से निकली हेलमेट, सीटबेल्ट जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत शुक्रवार को हेलमेट, सीटबेल्ट जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली यातायात दफ्तर से निकलकर शहर के मुख्यमार्गों से निकली इस दौरान एसपी व अन्य अधिकारी दुपहिया वाहन में हेलमेट लगाकर वाहन चलाते हुए लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चारपहिया वाहन चलाने के दौरान सीटबेल्ट लगाने अपील करते रहे।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा की अगुवाई में सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत दूसरे दि हेलमेट, सीटबेल्ट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान एएसपी माहेश्वर नाग, एएसपी (ऑप्स) योगेश देवांगन भी रैली में शामिल रहे। यह रैली यातायात दफ्तर से निकलकर कोतवाली चौक, एसबीआई चौक, महावीर चौक, नावेल्टी चौक, गोलबाजार चौक, गुरू गोविन्द सिंह चौक, कोर्ट तिराहा, लाल चर्च तिराहा, चांदनी चौक, शहीद पार्क तिराहा, झंकार टाकिज रोड़ से होकर वाहप यातायात शाखा में आकर समाप्त हुई।

***शराब पीकर व तीन सवारी वाहन न चलाने की अपील***

एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि यातायात हेलमेट, सीटबेल्ट जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से आम जनता को यातायात नियमों के संबंध में जागरूक करना है। रैली के दौरान बैनर पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने आम जनता से अपील की गई की दुर्घटना में चोट से बचाव के लिए दुपहिया वाहन चालन करतें समय हेलमेट अवश्य पहनें, तथा बिना सीटबेल्ट के चार पाहिया वाहन नही चलाएं, स्वयं यातायात नियमों का सदैव पालन करें तथा दूसरों को भी जागरूक करें।

**हेलमेट-सीटबेल्ट के साथ ही सफर सुरक्षित**

एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हेलमेट-सीटबेल्ट के साथ ही सफर सुरक्षित होता है इसलिए यातायात नियमों का पालन करते हुए सदैव दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट लगावे। शराब का सेवन कर कभी भी वाहन चालन न करे। तीन सवारी कभी यात्रा न करे। वाहन चलाते समय ओवर स्पीड व ओवर टेक करने से बचे। सदैव यातायात नियमों का पालन करे। रैली के दौरान एसडीओपी लक्ष्मण पोटाई, डीएसपी दीपमाला कुर्रे, डीएसपी (ऑप्स) संगम राम, डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन, यातायात प्रभारी आरआई मधुसूदन सिंह नाग के अलावा जिला मुख्यालय के सभी थाना प्रभारी, यातायात व पुलिस के अन्य स्टाफ शामिल रहे।

## मेथाडिस्ट चर्च कमेटी के सदस्यों को दिया सम्मान
### एक अच्छे समाज का निर्माण करने का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में नव वर्ष की आराधना संपन्न हुई। आराधना का संचालन डीएस रेव्ह. रविंद्र नाथ द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मोमबत्ती जलाकर आराधना प्रारंभ की गई, संदेश पॉस्टर युसूफ सिंह द्वारा दिया गया। जिसका विषय था कि जब हम नए वर्ष में अपने कदम को रखते हैं, तब अपने पुराने जीवन के पुराने पापों को पुराने मनुष्य तत्व को और अपने स्वभाव को हम को बदलना है। यीशु के स्वभाव में हमें अपने आप को आत्मिक स्वभाव में नया बनते जाना है। एक दूसरे के अपराध क्षमा करना है जैसे प्रभु यीशु मसीह ने सब मानव जाति के अपराधों को क्षमा किया और सबों के साथ हमको मेल मिलाप रखना है। एक दूसरे के दुख-सुख में हमको बराबरी के साथ खड़े होना है। एक अच्छे समाज का निर्माण हमें करना है। उसके बाद क्वायर के द्वारा विशेष गीत गाया गया। सभा के पश्चात मेथाडिस्ट चर्च के सभी कमेटी के सदस्यों और कॉन्फ्रेंस के सदस्यों को सम्मानित किया गया। और उसके बाद डीएस रेव्ह. रविन्द्रनाथ के आशीष वचन के द्वारा आराधना समाप्त किया गया। इसकी जानकारी मसीह समाज के प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

## समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी के लिए पंजीयन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

दलहन-तिलहन फसल को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए किसानों का पंजीयन शुरु हो गया है। पंजीयन 28 फरवरी तक होगा। किसान कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा प्राथमिक सेवा सहकारी समिति में अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिले में फसल चक्र परिवर्तन को अच्छा रिस्पांस मिला है। गत वर्ष की तुलना में इस साल 10 हजार हेक्टेयर में फसल परिवर्तन का विस्तार हुआ है। सन 2024-25 में चने की फसल 15830 हेक्टेयर में ली गई थी, वहीं सन 2025-26 में 17 हजार हेक्टेयर से अधिक में होने की संभावना है। कृषि विभाग के अनुसार 26 दिसंबर की स्थिति में 16189 हेक्टयेर में पहुंच गई है। मटर की फसल ने रिकार्ड तोड़ा है। गत वर्ष इसकी फसल 80 हेक्टेयर में ली गई थी। इस वर्ष 2375 हेक्टयेर में इसकी उपज ली गई है। उड़द में 491 प्रतिशत तथा मसूर में 263



प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की कई है।

### तिलहन में मूंगफली ने तोड़ा रिकार्ड

तिलहन फसल में किसानों ने मूंगफली पर विश्वास जताया है। गत वर्ष मूंगफली मात्र 10 हेक्टयेर में ली गई थी। कृषि विभाग ने इसका लक्ष्य बढ़ाकर 50 हेक्टेयर किया था, लेकिन मूंगफली की उपज 275 हेक्टेयर में ली जा रही है जिसका लक्ष्य से पूर्ति का प्रतिशत 550 है। कुसुम की उपज जीरो से 40 हेक्टयेर में पहुंच गई है। राई-सरसों की उपज 2590 हेक्टयेर से बढ़कर 4660 हेक्टेयर में ली जा रही है। अलसी, सूर्यमुखी, तिल का भी रकबा बढ़ा है।

### आठ उपार्जन केंद्र में समर्थन मूल्य पर बिकेगा चना

जिले के चारों ब्लाक में चना फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। धमतरी ब्लाक में तीन उपार्जन केंद्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छाती, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति तरसींवा तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लोहरसी में चना की खरीदी होगी।

कुरूद ब्लाक में भी तीन उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं जिसमें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कातलबोड़, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरूद तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भखारा शामिल हैं। मगरलोड में एक उपार्जन केंद्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मगरलोड, नगरी में भी एक उपार्जन केंद्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नगरी होगा।



